दिनांक : 11.08.2025 समय : 07.10AM

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा-ऑपरेशन सिंदूर की सफलता में मैक इंन इंडिया का बढ़ा योगदान।
- केन्द्रीय कृषि मंत्री आज 30 लाख से अधिक किसानों को फसल बीमा दावों का करेंगे वितरण।
- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रायसेन में रेल कोच निर्माण संयत्र की रखी आधारशिला।
- हर घर तिरंगा के तहत प्रदेश में कार्यक्रमों का आयोजन जारी। मुख्यमंत्री ने की समीक्षा।
- प्रदेश में बारिश का एक और दौर शुरू होने की संभावना। आज 9 जिलों में यलो अलर्ट जारी।

प्रधानमंत्री-बेंगलुरु

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का श्रेय अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी और रक्षा उत्पादन में मैंक इन इंडिया पहल को दिया है। बंगलुरू में कल एक जनसभा को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि पूरी दुनिया ने नए भारत के उस नए रूप को देखा जब देश की सशस्त्र सेनाओं ने सीमा पार आतंकवादी ठिकानों को नष्ट कर पाकिस्तान को कुछ ही घंटों में घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश जिस गति से विकास कर रहा है उसमें आर्थिक विकास एक बड़ा कारक है।

प्रधानमंत्री-सांसद फ्लैट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज बाबा खड़क सिंह मार्ग पर सांसदों के लिए नवनिर्मित 184 टाइप-7 बहुमंजिला फ्लैटों का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर वे आवासीय परिसर में सिंदूर का पौधा लगाएंगे, श्रमजीवियों से संवाद करेंगे और जनसमूह को संबोधित करेंगे।

शिवराज-फसल बीमा

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज राजस्थान के झुंझुनू में 30 लाख से अधिक किसानों को 3 हजार 200 करोड़ रुपये से अधिक के फसल बीमा दावों का वितरण करेंगे। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने बताया कि इन दावों का भुगतान प्रत्यक्ष लाभ अंतरण - डीबीटी के जरिए किसानों के बैंक खातों में डिजिटल रूप से किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान, मध्य प्रदेश के किसानों को एक हजार 156 करोड़ रुपये, राजस्थान के किसानों को एक हजार 121 करोड़ रुपये, छत्तीसगढ़ के किसानों को 150 करोड़ रुपये और अन्य राज्यों के किसानों को 773 करोड़ रुपये सीधे प्राप्त होंगे।

मुख्यमंत्री- पर्यावरण से समन्वय

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज भोपाल में 'पर्यावरण से समन्वय' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी-सह प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ करेंगे। कार्यशाला में कई तकनीकी सत्र और विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन होगा। इस अवसर पर पर्यावरण-अनुकूल निर्माण तकनीकों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

मध्यप्रदेश निर्यात

मध्यप्रदेश ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में निर्यात में अपनी रेंकिंग में सुधार करते हुए अब तक का सबसे ज्यादा 66,218 करोड रुपए का निर्यात किया है। निर्यात में 6 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है जो फार्मास्यूटिकल, इंजीनियरिंग गुड्स और सोया उत्पादों में निर्यात बढ़ने के फलस्वरूप हुई है। फेडेरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन की ताजा रिपोर्ट के अनुसार मर्केंडाइज एक्सपोर्ट और स्पेशल इकोनामिक जोन में सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों ने राज्य के एक्सपोर्ट पोर्टफोलियो में बढ़ा योगदान दिया है। इन क्षेत्रों में आर्थिक विकास बढ़ने के कारण राष्ट्रीय स्तर पर निर्यात में मध्यप्रदेश की रैंकिंग 15 से 11 हो गई है।

राजनाथ-बीईएमएल रेल-रायसेन

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कल मध्य प्रदेश में 18 सौ करोड़ रुपये की लागत वाली बीईएमएल रेल हब निर्माण परियोजना की आधारशिला रखी। रेल कोच निर्माण के 'ब्रह्मा' कहे जाने वाले इस संयंत्र की स्थापना रायसेन जिले के उमरिया गांव में 60 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर की जाएगी। यहां वंदे भारत, अमृत भारत और मेट्रो ट्रेनों के लिए कोच बनाए जाएंगे। रक्षा मंत्री ने कहा कि देश मध्यप्रदेश की ओर आशा और विश्वास के साथ देखता है।

मुख्यमंत्री- हर घर तिरंगा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए सभी जिलों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर नागरिक को इस अभियान से जोड़ना लक्ष्य है और इसे जनसहभागिता के साथ आगे बढ़ाया जाए। इस बीच प्रदेश में तीन चरणों में हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन जारी है। स्कूलों में भी 15 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता' अभियान मनाया जा रहा है। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश भी जारी किये हैं। विद्यार्थियों द्वारा तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर उसे www.harghartiranga.com वेबसाइट पर अपलोड करने को कहा गया है।

अच्छी खबर- बड़वानी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्ष 2047 तक देश को सिकल सेल मुक्त बनाये जाने को लक्ष्य को लेकर इसके उन्मुलन के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश में 33 जिलों में सिकल सेल उन्मुलन कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। अधिक जानकारी के साथ हमारे साथ जुड़ रहें है हमारे बड़वानी संवाददाता......

वी.ओ.- विश्व सिकलसेल दिवस पर पिछले दिनों राज्य स्तरीय कार्यक्रम बड़वानी जिले में आयोजित किया गया जिसमें राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने शामिल होकर केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य वर्ष 2047 तक प्रदेश को भी सिकल सेल मुक्त बनाने हेतु नवाचार का शुभारंभ किया है। जिसमें जेनरिक काउंसलिंग जागरूकता विडियो और गर्भवती महिलाओं के लिए व्यापक दिशा निर्देश और माड्यूल जारी करने के साथ ही लक्षित आयु वर्ग की शत- प्रतिशत स्क्रीनिंग करने का काम किया जावेगा। जिले को सिकल सेल पुरी तरह खत्म करने दिशा में सतत् प्रयास किए जा रहे हैं। इस संबंध में सीएमएचओ जिला चिकित्सा सुरेखा जमरे ने बताया....

रक्षा राज्यमंत्री इंदौर

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कल इंदौर जिले में एक बगिया मां के नाम अभियान का शुभारंभ वृहद पौधरोपण के साथ किया। इस अवसर पर बीएसएफ परिसर और पितृ पर्वत के पीछे 11- 11 हजार पौधों का रोपण किया गया। रक्षा राज्य मंत्री श्री सेठ ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में इंदौर का योगदान सराहनीय है।

मौसम

प्रदेश में बारिश का एक और दौर आज से शुरू होने की संभावना है। मौसम विभाग ने विदिशा, रायसेन, सीहोर, देवास सहित 9 जिलो में तेज बारिश के लिये यलो अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा प्रदेश के अन्य जिलों में हल्की बारिश की संभावना है। इस बीच सागर, दमोह और उमरिया में बारिश दर्ज की गई। सर्वाधिक बारिश बीना में 6 इंच और दमोह में करीब 4 इंच बारिश हुई। भोपाल, इंदौर में भी हल्की बारिश दर्ज की गई।

एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप

भारतीय महिला मुक्केबाज निशा और मुस्कान ने कल बैंकॉक में अंडर-19 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत लिया है, जबकि पांच अन्य मुक्केबाजों ने रजत पदक जीता। 54 किलोग्राम वर्ग में, निशा ने चीन की सिरुई यांग पर जीत हासिल की, जबकि 57 किलोग्राम वर्ग में मुस्कान ने कज़ाकिस्तान की अयाज़ान एर्मेक को हराया। प्रतियोगिता में भारत के कुल पदकों की संख्या 14 हो गई है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम द्वारा रूफटॉप सोलर के वेंडर्स के लिए प्रदेश के 10 जिलों में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। भोपाल में आज इसकी शुरूआत होगी।
- सतना एवं मैहर जिले के भूतपूर्व सैनिकों एवं आश्रितों के लिए आज जिला सैनिक कल्याण कार्यालय सतना के सभाकक्ष में सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा।
- मंडला जिले में पांच दिवसीय आकांक्षा हाट मेले का शुभारंभ आज लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके करेंगी।
- गुना जिले के अतिवृष्टि एवं बाढ प्रभावित क्षेत्रों के बाढ पीडित परिवारों को प्रति परिवार 50 किलोग्राम गेहूँ आज वितरित किया जाएगा।
- आगरमालवा जिले में कल पारम्परिक भुजरिया पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। पन्ना जिले में भी भुजरिया-कजलिया का पर्व हर्षाल्लास के साथ मनाया गया।

-------